# 24 बाल रचनाकारों को 14 को मिलेंगे साहित्य अकादमी दिल्ली के पुरस्कार

लखनऊ। साहित्य अकादमी दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह 14 नवंबर को होगा। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 14 नवंबर को शाम पांच बजे गोमतीनगर के भागीदारी भवन में आयोजन होगा। मुख्य अतिथि रहेंगे प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित और अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे। भारतीय भाषाओं के 24 बाल साहित्यकारों को 50 हजार की राशि और ताम्र फलक देकर पुरस्कृत किया जाएगा। दूसरे दिन 15 नवंबर को लेखकों के वैचारिक सत्रों का आयोजन सुबह से उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान में होंगे। यहां पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ 'लेखक सम्मेलन' होगा। (संवाद)